दिन– शनिवार

दिनांक– 14 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। श्री मोदी जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों को पहली किस्त के रूप में चालीस–चालीस हजार रूपये की राशि हस्तांतरित करेंगे। कल ही योजना के तहत निर्मित आवासों के मालिकों को सांकेतिक रूप से आवास की चाभी भी सौंपी जायेगी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पटना–टाटानगर, भागलपुर–हावड़ा और गया–हावड़ा के बीच तीन वंदे भारत ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का परिचालन सत्रह सितंबर से नियमित रूप से किया जाएगा। वहीं, गया–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन अठारह सितंबर से और पटना– टाटानगर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन बाईस सितंबर से होगा।

————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा किया जा रहा है। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली बिल विवाद, टेलीफोन बिल विवाद, वाहन दुर्घटना बीमा, श्रम वाद, नीलाम पत्र वाद और पारिवारिक मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर हो रहा है।

————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि यदि बिहार में उनकी सरकार बनती है, तो मिथिला के विकास के लिए मिथिलांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी का गठन किया जाएगा। मधुबनी में कार्यकर्ताओं सें संवाद करते हुए श्री यादव ने कहा कि

मिथिला के चहुमुखी विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि मिथिला क्षेत्र के अधिकांश सांसद एनडीए से हैं, लेकिन इन लोगों ने क्षेत्र के विकास के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया है।

———————————————————————

आज हिंदी दिवस है। आज ही के दिन उन्नीस सौ उनचास में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में लागू किया था। हिन्दी दिवस देश में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। हिन्दी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिन्दी दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में आशा जतायी कि हिंदी भाषा राष्ट्रीय एकता और सद्भावना के सूत्र को मजबूत करती रहेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी हिंदी दिवस पर लोगों को बधाई दी है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकानाएं दी हैं। हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न संगठनों और कार्यालयों में भी आज से हिन्दी पखवाड़ा की शुरूआत हुई है। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग– राजभाषा की ओर से बिहार राज्य अभिलेख भवन में हिन्दी दिवस सह कवि सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया के बेलदौर में सबसे अधिक इक्यानवे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई, नवादा, शेखपुरा और बांका जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, लखीसराय, मुंगेर, गया और नालंदा जिले में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के पास राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या– अट्ठाईस पर एक मिनी ट्रक की चपेट में आने से दो स्कूली छात्रा की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।